लखनऊ, नोएडा व गाजियाबाद समेत 15 शहरों में बनेंगे इंडस्ट्रियल पार्क

चर्चा में क्यों?

8 मई, 2022 को मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देकर राज्य को इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिये 15 शहरों में निजी क्षेत्र के इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किये जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में 'प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क' (पीआईपी) बनाने के लिये चिह्नित ज़िलों में योजना का खाका तैयार कर लिया गया है।
- इस योजना के प्रारंभिक चरण में पीआईपी के दायरे में आने वाले उद्योगों में वस्त्र उद्योग (टेक्सटाइल), रेडीमेड कपड़े, खाद्य प्रसंस्करण, इत्र, पीतल उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के उद्योग शामिल हैं।
- इसके तहत चिह्नित किये गए ज़िलों में लखनऊ, उन्नाव, अमेठी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, औरैया, हमीरपुर, जालौन, नोएडा, गाज़ियाबाद, मेरठ, आज़मगढ़, अंबेडकर नगर, गोरखपुर और प्रयागराज शामिल हैं।
- राज्य में पीआईपी का विकास उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडीसी) के सहयोग से किया जाएगा।
- इसी संदर्भ में प्रदेश के पहले पीआईपी के लिये उन्नाव में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किनारे ज़मीन चिह्नित कर ली गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/industrial-parks-to-be-set-up-in-15-cities